देश में टेलीफोन कनेक्शनों की प्रतीक्षा सूची

5393. **श्री राघवजी** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 मार्च, 1994 तक देश में राज्यवार ऐसे कितने टेलीफोन आवेदक थे, जिन्हें टेलीफोन कनेक्शन नहीं दिए जा सके हैं

(ख) वर्ष 1993-94 में कितने लोगों ने टेलीफोन के लिए आवेदन किया है और इस वर्ष कितने लोगों को टेलीफोन कनेक्शन दिए गए हैं; और

(ग) 31 मार्च, 1994 तक लंबित पड़े मामलों में कब तक टेलीफोन कनेक्शन प्रदान किए जाने की संभावना है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री सुखराम : (क) टेलीफोन अभ्यर्थियों की राज्यवार प्रतीक्षा सूची विवरण में दी गई है।

(ख) सूचना समेकित की जा रही है और उपलब्ध होते ही सभा-पटल पर रख दी जाएगी।

(ग) आठवीं योजना के उद्देश्यों के अनुसार बड़ी टेलीफोन प्रणालियों में टेलीफोन की प्रतीक्षा अवधि को कम करके 2 वर्ष से नीचे लाना है और आठवीं योजना अवधि (1992—97) के अंत तक ग्रामीण/जनजातीय क्षेत्रों में मांग होने पर तुरंत टेलीफोन प्रदान करना है। तदनुसार, उपर्युक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए 75 लाख नए कनेक्शनों की योजना बनाई गई है। 1992-93 और 1993-94 के दौरान 22.26 लाख नए कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं।

विवरण

31 मार्च, 1994 की स्थिति के अनुसार देश में ऐसे आवेदकों की संख्या का ब्यौरा जिन्हें टेलीफोन कनेक्शन नहीं दिये गये थे।

क्रम संख्या	राज्य का नाम	31-3-94 तक की प्रतीक्षासूची
(1)	(2)	(3)
1.	आंध्र प्रदेश	155426
2.	असम	9820
3.	बिहार	35544
4.	गुजरात (दादर, दिव, दमन और नागर हवेली संघ राज्य क्षेत्र सहित)	198808
5.	हरियाणा	67335
6.	हिमाचल प्रदेश	18415
7.	जम्मू एवं कश्मीर	18190
8.	कर्नाटक	165886
9.	केरल (लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र सहित)	314442
10.	मध्य प्रदेश	52587
11.	महाराष्ट्र (गोवा राज्य सहित)	341529
12.	उत्तर पूर्व (अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा सहित)	5217
13.	उड़ीसा	4171
14.	पंजाब (चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र सहित)	189462
15.	राजस्थान	162571
16.	तमिलनाडु (पांडिचेरी संघ राज्य क्षेत्र सहित)	310992
17.	उत्तर प्रदेश	125496
18.	पश्चिम बंगाल (सिक्किम राज्य, अंडमान, निकोबार द्वीप समूह सहित)	68083
19.	दिल्ली	250901

Private Sector Trunk Phone Services

5394. SHRI P. UPENDRA : Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) whether Government have decided to permit private companies to operate trunk phone services; and

(b) what are the details of this scheme and by when it is likely to be introduced ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM) : (a) No Sir.

(b) Does not arise in view of (a) above.

उत्तर प्रदेश में गांवों में डाकघर सुविधाएं

5395. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1992-93 के अंत तक उत्तर प्रदेश में कितने गांवों में डाकघर नहीं थे;

(ख) उत्तर प्रदेश में जिलावार तथा श्रेणीवार कितने गांवों में डाकघर की सुविधा है;